# नौएडा एस0 ई0 जैड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 01.10.2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 01.10.2021 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम संलग्नक में इंगित है।

2. सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की अनुमति से समिति को पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही से अवगत कराया गया। समिति को बताया गया कि पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया गया था कि कार्यालय के सभी अधिकारीगण अपने–अपने अनुभागों में हिन्दी नोंटिग बढाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगें और अपने – अपने अनुभागों से धारा 3 (3) के अन्तर्गत पत्रादि द्विभाषी जारी करना सुनिश्चित करेंगें।

3. अध्यक्ष महोदय ने कार्यालय में अप्रैल–जून, 2021 तिमाही के दौरान हिन्दी में कामकाज की समीक्षा करते हुए आदेश दिया कि कार्यालय के एसईजैड और सम्पदा अनुभाग में नोंटिग और पत्राचार में हिन्दी के प्रयोग को बढाने का प्रयास किया जाए। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद ली जाए। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों पर 28 अप्रैल तक कार्यवाही सुनिश्चित कर सभी अनुभाग संबंधित रिपोर्ट प्रशासन अनुभाग को भेज दें ताकि समेकित रिपोर्ट संसदीय राजभाषा समिति के कार्यालय को यथा–समय भेजा जा सकें। अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग को निर्देशित किया कि आश्वासन मद और कार्यवाही हेतु नामित अधिकारी/अनुभाग का ब्यौरा सभी अधिकारियों को एक बार पुनः प्रेषित कर दिया जाए।

4. बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के पश्चात् सम्पन्न हुई।